Regarding need for immediate repair of NH-27 passing through Gopalganj-Laid

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : संसदीय क्षेत्र गोपालगंज से NH-27 जो कि East West Golden Quadrilateral का एक पार्ट है होकर गुजरता है । जिले के अंतर्गत आने वाले NH-27 के मुख्य सड़क एवं सर्विस रोड़ की हालत जर्जर हो चुकी है इसमें जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं बारिश के चलते गड्ढों में पानी भर जाने से आये दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं सड़क दुर्घटनाओं के पीछे मुख्य कारण गड्ढों की समय पर मरम्मत न होना, शाम के बाद हाइवे में जरूरत के अनुरूप प्रकाश की समुचित व्यवस्था न होना, साइनबोर्ड का नहीं लगाया जाना, NH से सटे अवैध कट बंद न होना और समय-समय पर हाइवे की प्रॉपर मरम्मत और रख-रखाव न होना है । रोड़ निर्माण के साथ-साथ उसके रख-रखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित अधिकारियों की है लेकिन यह संबंधित अधिकारियों की लापरवाही और बेपरवाही ही कही जाएगी कि मेरे द्वारा एवं जिलाधिकारी गोपालगंज द्वारा कई बार प्रोजेक्ट Director को मौखिक आग्रह करने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं गया और इस संदर्भ में किसी प्रकार की कार्यवाही करना उचित नहीं समझा । NH-27 में गोपालगंज में हर रोज़ सैकड़ों लोग खतरे की यात्रा करने पर मज़बूर हैं । इस समस्या के निवारण हेतु शीघ्रातिशीघ्र ठोस कदम उठाएँगे, ताकि क्षेत्र की जनता को रोज की दुर्घटनाओं से निज़ात मिल सके ।